चंपावत के ढकना बड़ोला गांव में की नुक्कड़ सभा करते हुए सीएम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मसूरी में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब, रेंगते रहे वाहन

संवाददाता मसूरी। वीकेंड के मद्देनजर शुक्रवार से ही पहाड़ों की रानी मसूरी में पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा है। यहां शुक्रवार दोपहर तक होटलों व गेस्ट हाउस करीब 80 प्रतिशत तक बुक हो गए हैं। किंक्रेग से गांधी चौक–जीरो प्वाइंट और कैम्पटी रोड तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। यहां अक्सर जाम की स्थिति बन रही है। जिस कारण वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं। मसूरी होटल एसोसिएशन अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि आज शाम तक 90 प्रतिशत या अधिक बुकिंग होने की उम्मीद है।

### डीएम ने दिए कार्यवाही करने के निर्देश

संवाददाता देहरादून। सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबर "आरकेडिया टी–स्टेट में तो धान–सब्जियाँ उगाई जा रही है, कानूनी तो ये प्रापर्टी सरकार की हो चुकी है" का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार द्वारा उप जिलाधिकारी सदर को उक्त प्रकरण पर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए नियमानुसार/विधिवत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। यदि उक्त तिथि में टी–स्टेट आरकेडिया ग्रांट के स्वामित्व के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करते अथवा अनुपस्थित रहते है तो प्रकरण पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत एकतरफा विधिवत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की स्वयं होगी।

### हाईटेंशन की चपेट में आये दो जुड़वा बच्चों की मौत

संवाददाता देहरादून। बसंत विहार क्षेत्रांर्तगत बनियावाला में हाईटेंशन की चपेट में आकर झुलसे जुड़वा बच्चों की शुक्रवार सुबह मौत हो गयी है। यह दोनों जुड़वा बच्चे मंगलवार को अपने घर में ही हाईटेंशन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये थे जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बनियाला में सेवली गांव नंदन एन्क्लेव में टावर संख्या 36 और 37 के बीच दो सात वर्षीय बच्चे प्रिंस और गोलू अपने घर की छत पर पानी के पाइप लाइन से खेल रहे थे। उनकी मां पानी का मोटर चलाकर छत की सफाई कर रही थी।

### प्रदेश के कई क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि का अनुमान

संवाददाता देहरादून। मौसम विभाग द्वारा एक बार फिर राज्य में मौसम खराब होने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। चारधाम यात्रियों को यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने को कहा गया है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ विक्रम सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आगामी 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में कहीं भारी तो कहीं हल्की बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना जताई गई है। चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

## स्टार्टअप और इंक्यूबेटर्स को सरकार लगातार सहयोग देगी

बैठक

■ मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने की उत्तराखण्ड स्टार्टअप काउंसिल की बैठक, दिए निर्देश

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड स्टार्टअप काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा दिए जाने हेतु लगातार पॉलिसी में सुधार किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और इंक्यूबेटर्स को सरकार द्वारा लगातार सहयोग दिया जाए।



मुख्य सचिव ने फोकस सेक्टर को सीमाओं में न बांधते हुए सभी सेक्टर्स में फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टार्टअप्स हेतु आयोजित आइडिया चौलेंज के अंतर्गत टॉप 10 सुझावों को दिए जाने वाले 50 हजार रुपए का कैश प्राइज को बढ़ाकर टॉप 20 सुझावों को 2 लाख रुपए का कैश प्राइज दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंक्यूबेटर्स को दिए जाने वाले ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस एक्सपेंसेज को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किए जाने और कैपिटल ग्रांट को 1 करोड़ से 2 करोड़ किए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्टार्टअप्स के साथ मासिक रूप से बैठकें आयोजित कर उनकी समस्याओं को दूर करने हेतु लगातार प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आइडिया शेयरिंग के लिए उद्योग विभाग, इंक्यूबेटर और स्टार्टअप्स का एक व्हाट्सएप ग्रुप के साथ ही डिपार्टमेंट की वेबसाइट में ऐसा सिस्टम डेवलप करने के निर्देश दिए जिससे आपस में आइडियाज और जानकारियां साझा की जा सकें।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को स्टार्टअप की दिशा ने कुछ न कुछ किए जाने के निर्देश दिए, ताकि इससे प्रत्येक क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को इन्नोवेटिव आइडिया के साथ ही अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे अच्छे आइडियाज को तुरंत अपनाए जाने के भी निर्देश दिए। ऐसे आइडियाज जो अच्छे तो हैं, परन्तु किसी कारण से उन्हें फंडिंग नहीं मिल पा रही है, उनके लिए सरकारी सिस्टम को सहयोग के लिए आगे आने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर सचिव श्रीमती सौजन्या, सचिव डॉ. पंकज पाण्डेय एवं प्रबन्ध निदेशक सिडकुल रणवीर सिंह चौहान सहित उत्तराखण्ड स्टार्टअप काउंसिल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### ऋषिकेश में स्वास्थ्य जांच के बाद ही जा पाएंगे आगे चारधाम यात्रा पर

संवाददाता ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में लगातार हो रही तीर्थ यात्रियों की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने चार धाम यात्रा के प्रवेश द्वार ऋषिकेश में ही तीर्थ यात्रियों की चिकित्सा जांच बढ़ाने का निर्णय लिया है। आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में ही तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच कर स्वस्थ यात्रियों को ही तीर्थ यात्रा पर भेजान सुनिश्चित किया जाए।

शुक्रवार को मंडल आयुक्त गढ़वाल सुशील कुमार व डीआइजी गढ़वाल करण सिंह नगन्याल ने अधिकारियों के साथ चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ऋषिकेश तथा मुनिकीरेती क्षेत्र में यात्रा व्यवस्थाएं जांची। चारधाम यात्रा बस टर्मिनल कंपाउंड पर पंजीकरण प्रक्रिया तथा यात्रियों की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंडलायुक्त सुशील कुमार ने कहा कि इस वर्ष चारधाम यात्रा में ऊंचाई वाले तीर्थ स्थानों पर यात्रियों की हृदय गति रुकने से मौत की घटनाएं बड़ी मात्रा में सामने आई हैं।

## जनता की समस्याओं के समाधान को रहूंगा प्रतिबद्धः सीएम

रोड शो

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चम्पावत नगर में किया रोड शो

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को चम्पावत नगर में रोड शो किया। इस दौरान लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी। तल्ली मादली से शुरू हुआ रोड शो स्टेशन बाजार तक पहुंचा। इस दौरान सीएम ने खुली जीप से जनता का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो में शामिल लोग और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। बड़ी संख्या में महिलाएं भी रोड शो में शामिल हुईं। इस दौरान सरकार के कई मंत्री और विधायक भी मौजूद रहे।



सीएम के काफिले के साथ चुनाव प्रचार के लिए चम्पावत पहुंचे। सुबह 10 बजे करीब सर्किट हाउस में बने अस्थाई हैलीपेड में उतरने के बाद वे मुख्यालय से लगे ढकना बड़ोला गांव के बेल्टाक तोक पहुंचे। जहां उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने जनता से उपचुनाव में उन्हें भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। कहा कि उपचुनाव वे नहीं विधानसभा क्षेत्र की जनता लड़ रही है। जनता ने उन्हें रिकार्ड तोड़ जीत दिलाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने भी सभा को संबोधित कर क्षेत्र के विकास के लिए सीएम को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, कांग्रेस नगर अध्यक्ष कैलाश अधिकारी, पूर्व जिपं अध्यक्ष ललित मोहन पांडेय, पूर्व जिपं सदस्य गोविंद सामंत, ग्राम प्रधान हेमा चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सीएम का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहां से आने के बाद सीएम मल्लिकार्जुन स्कूल में हुए युवा सम्मेलन में शामिल हुए और उसके बाद रोड शो किया।

इस दौरान परिवहन मंत्री चंदन राम दास, देव प्रयाग के विधायक विनोद कंडारी सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम धामी ने चंपावत के ढकना बड़ोला गांव में की नुक्कड़ सभा

संवाददाता देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को चुनाव प्रचार के लिए चम्पावत पहुंचे। सर्किट हाउस में बने अस्थाई हेलीपेड पर उतरने के बाद वह मुख्यालय से लगे ढकना बड़ोला गांव के बेल्टाक तोक पहुंचे। जहां उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने जनता से उपचुनाव में उन्हें भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की।

सीएम धामी ने कहा कि उपचुनाव वे नहीं विधानसभा क्षेत्र की जनता लड़ रही है। जनता ने उन्हें रिकार्ड तोड़ जीत दिलाने का मन बना लिया चुनाव जीतने के बाद वे जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने भी सभा को संबोधित कर क्षेत्र के विकास के लिए सीएम को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सीएम का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+
Scan This Code
Read News
Watch News Channel




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।